प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में आरक्षी नागारिक पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिये लिखित परीक्षा आज से हुई शुरू : रेलवे ने चलाईं एग्जाम स्पेशल ट्रेनें।
2. नेपाल में 43 भारतीयों को लेकर जा रही बस नदी में गिरी, हादसे में 26 लोगों की मौत : बचाव और राहत कार्य जारी।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
4. अयोध्या में श्रीरामलला को पिछले वित्तीय वर्ष में दान में मिले तीन सौ 63 करोड़ 34 लाख रुपये : बीते चार वर्षों में प्राप्त हुआ 20 किलो सोना और 13 कुन्तल चांदी। और
5. आज देश में मनाया जा रहा है पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस : प्रदेशभर में आयोजित हुए कार्यक्रम, लखनऊ में इसरो के वैज्ञानिकों ने दिये व्याख्यान।

————————

उत्तर प्रदेश पुलिस ने आरक्षी नागारिक पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिये लिखित परीक्षा आज से शुरू हो गई। परीक्षा के लिये 67 जिलों में कुल एक हजार 174 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। आज 23 अगस्त

के बाद 24, 25 अगस्त फिर 30 और 31 अगस्त को परीक्षा होगी। इसमें कुल 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं दो पालियों में हो रही है। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिये विभिन्न प्रदेशों से अभ्यर्थी आ रहे हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये रोडवेज बसों में एडमिट कार्ड दिखा कर निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। वहीं रेलवे की ओर से परीक्षा के लिये स्पेशल ट्रेने चलाई गई हैं। लखनऊ से मुरादाबाद वाया बरेली एग्जाम स्पेशल ट्रेन संख्या– 04259 रात साढ़े आठ बजे लखनऊ से चलेगी। इसके अलावा लखनऊ से वाराणसी, वाया अयोध्या कैंट एग्जाम स्पेशल ट्रेन संख्या– 04270 लखनऊ से रात आठ बजे चलेगी। लखनऊ से वाराणसी कैंट वाया रायबरेली, प्रतापगढ़, लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से रात आठ बजे चलेगी।

परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये हजारों की संख्या में पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गये हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिये पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। पेपर लीक होने की कोई भी सूचना नहीं हैं, जो लोग भी भ्रामक खबरें फैला रहे हैं, उनक खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। बाइट.....

*प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बच्चे लगभग 10 पालियों में परीक्षा देंगे और प्रदेश के 67 जनपदों में ये परीक्षाएं पांच दिनों में दो–दो पालियों में सम्पन्न होगी। सभी जगह हमारे मजिस्ट्रेट, हमारे पुलिस के अधिकारी लगातार भ्रमणशील है। पूरी परीक्षा एक लम्बी प्रक्रिया के तहत की जा रही है और इसमें सारे स्टेटस होते है, जैसे प्रश्न पत्र की भंडारण फिर वहां से सेंटर पर पहुंचाना, यहां बच्चों का आधार प्रमाणित करना और फिर सुचारू रूप से परीक्षा कराना, तो इस बार अभी तक कही से भी प्रश्न पत्र लीक होने की सूचना नहीं है, जो लोग भ्रामक खबरे फैला रहे है उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।*

————————

पुलिस आरक्षी भर्ती को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसटीएफ ने गोरखपुर के बांसगांव थाना में एक महिला सिपाही समेत चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। इनके मोबाइल से दूसरे अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड मिले हैं। पुलिस गहनता से इन लोगों से पूछताछ कर रही है।

————————

नेपाल के तनहुन जिले में आज दोपहर एक बस के नदी में गिर जाने से 26 लोगों की मौत हो गई। यह बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, बस में 43 भारतीय नागरिक यात्रा कर रहे थे। घटना स्थल पर 10 गोताखोरों की एक टीम तैनात की गई है। सेना, पुलिस और एपीएफ की टीमें बचाव अभियान में जुटी है। हादसे में बचाए गए 12 लोगों को इलाज के लिए काठमांडू पहुंचाया

गया है, वहीं अन्य का इलाज नजदीकी अस्पतालों में चल रहा है। हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी बस ड्राइवर और कंडक्टर की मौत हुई है। वहीं बस में महाराष्ट्र के कई यात्री सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए एसडीएम महराजगंज को घटना स्थल पर भेजा है। राहत आयुक्त जी एस नवीन नेपाल सरकार के अधिकारियों से बात की। नेपाली अधिकारियों से पोस्टमार्टम में तेजी लाने का अनुरोध किया गया है।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी।

————————

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आत्यिनाथ ने आज दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सुबह उपराष्ट्रपति के आवास पर पहुंच कर उनका हालचाल जाना। वहीं उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के कार्यो की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल की भी प्रशंसा की।

————————

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को तीन माह

की जेल और 1500 रुपये जुर्माने के दंड पर रोक लगा दी है। श्री सिंह को सुल्तानपुर की एमपीएमएलए कोर्ट ने सड़क जाम करने और लोगों को भड़काने के मामले में यह सजा सुनाई थी। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह विचारण अदालत के सामने 50 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंध पत्र दाखिल करेंगे और यह अंडरटेकिंग देंगे कि इस केस की सुनवाई के समय वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि श्री सिंह के ऐसा करने पर ही उन्हें आदेश का लाभ मिलेगा।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अयोध्या में श्रीरामलला को एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक दान में तीन सौ 63 करोड़ 34 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को यह धनराशि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई है। श्रीरामजन्म भूमि

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में राम मंदिर में चढ़ावे और व्यय का लेखा–जोखा पेश होने के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोगों ने 53 करोड़ रुपये चेक या नकद के रूप में ट्रस्ट के काउंटर पर जमा किये हैं। मंदिर के दानपात्र में 24 करोड़ 50 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। विदेश में रहने वाले राम भक्तों ने दस करोड़ 43 लाख रुपये समर्पित किये हैं, जबकि बैंक में जमा 26 सौ करोड़ रुपये के ब्याज स्वरूप अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक दो सौ चार करोड़ रुपये मिले हैं। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि इस वित्तीय वर्ष में राम मंदिर के निर्माण में 670 करोड़ रुपये और अन्य मदों में 180 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कुल 850 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं। ट्रस्ट के महासचिव के मुताबिक बीते चार वर्षों में ट्रस्ट को 13 कुन्तल चांदी और 20 किलो सोना प्राप्त हुआ है।

बैठक में शामिल हुए श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि मंदिर के प्रथम तल का निर्माण 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके बाद द्वितीय तल और शिखर का निर्माण समय से पूरा करने की चुनौती है। उन्होंने कहा कि द्वितीय तल के गर्भ ग्रह को विशेष बनाने के लिए कई प्रस्ताव आए हैं। बाइट.......

*द्वितीय तल का किस प्रकार गर्भगृह में किस महत्व, किस लक्ष्य, किस संदेश के साथ चीजे वहां की जाये यह विचारणीय है, उनकी इस पर विचार चल रहा है। कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ, लेकिन यह प्रचास अवश्य होगा कि द्वितीय तल के गर्भगृह में भी भगवान राम से संबंधित विभिनन प्रदेश के*

*भगवान राम पर जैसे रामायण है, राम चरित मानस है, वैसा लिखा जाये और प्रदेशों में अन्य भाषाओं में जो इस प्रकार की रामायण हो, जो रामचरित को वहां की भाषा में बता सके, उसकी जो सबसे पुरानी पुस्तक हो, उसको प्रापत करके वहां रखा जाये।*

————————————

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज देश भर में मनाया जा रहा है। लखनऊ में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने विज्ञान भवन मं छात्रों के लिए क्विज़, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मौके पर इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष दिवस पर व्याख्यान भी दिए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. डी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि यह दिन छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करने और उन्हें रोल मॉडल प्रदान करने के लिए समर्पित है। बाइट.....

*नेशनल स्पेश डे का आयोजन पूरे देश में एक साथ मनाया जा रहा है। इस फील्ड में हमने अलग पहचान बनाई है। इसके एचीवमेंट के लिये हम लोग ये उत्सव मना रहे है। हम इसमें बच्चों के इन्वाल्व किये थे। ह लोगों की सोच थी कि इसरों के वैज्ञानिकों ने भी इसमें प्रतिभाग किया। हमारे रिक्वेस्ट पर आये हुए है इसरों बंगलौर से दो वैज्ञानिक डॉ0 अहमद हसन, डॉ0 राजीव कुमार और हमारे यहां हमारे क्षेत्रीय वैज्ञानिक डॉ0 अनुरूद्ध ने प्रतिभाग किया और बच्चों को हम लोगों ने टारगेट किया यही सोच करके कि आज हम स्पेश टेक्नोलॉजी के बारे में बच्चों को अगर मोटीवेट करने में सफल हम उनको स्पेश टेक्नोलॉजी में और आगे ला सकते है और अपने देश का नाम ऊंचा कर सकते हैं।*

लखनऊ में केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने गोमतीनगर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सशस्त्र सीमाबल के महानिरीक्षक रत्न संजय ने किया।

(समाप्त)